# एक दिवसीय शिविर : थीम- टीबी जागरूकता

दिनाँक- 11.02.23

दिनाँक 11/02/2023 को सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय , रूद्रपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया । 'प्रधानमन्त्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत 'टी.बी. जागरूकता' की थीम पर आयोजित इस एक दिवसीय शिविर में स्वास्थ्य विभाग से आए विशेषज्ञों ने स्वयंसेवियों को टी.बी. के सम्बंध में सारगर्भित जानकारी दी। जिला पी.एम.डी.टी. एवं टी.बी.-एच.आई.वी. समन्वयक डॉ. नवल किशोर ने स्वयंसेवियों को टीबी संक्रमण के लिए उत्तरदायी कारक, उसके प्रमुख लक्षणों, उसके प्रसार के कारणों, बचाव के उपायों की जानकारी दी तथा टीबी नियंत्रण के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला चिकित्सालय से ही क्लस्टर प्रोग्राम मैनेजर डॉ. श्वेता दीक्षित ने स्वयंसेवियों को इस बारे में विस्तार से बताया कि टीबी से किस तरह के रोगों के शिकार लोगों के संक्रमित होने की ज्यादा संभावना होती है। इस सम्बंध में आपने बताया कि एड्स की बीमारी से ग्रसित लोगों का प्रतिरक्षा तंत्र कमजोर होने के कारण उन लोगों के टीबी की बीमारी से संक्रमित का खतरा ज्यादा होता है । स्वास्थ्य विभाग के क्लिनिकल सर्विस ऑफीसर डॉ. जयंत नन्द जोशी ने टीबी के प्रसार में पशुओं की भूमिका के बारे में भी विस्तार से बताया । आपने स्वयंसेवियों को बताया कि हमें अपने दैनिक जीवन में साफ-सफाई के माध्यम से टीबी के बैक्टीरिया के प्रसार को रोकने का प्रयास करना चाहिए । स्वास्थ्य विभाग के टीबी हेल्थ विजिटर डॉ. विजय वर्मा ने स्वयंसेवियों को डायरेक्टली ऑब्जर्व्ड ट्रीटमेंट के बारे में विस्तार से बताया । आपने कहा कि दो हफ्ते से ज्यादा खांसी होने पर तुरन्त चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए । आपने टीबी से संक्रमित व्यक्तियों की मदद करने के लिए स्वयंसेवियों को सरकार द्वारा दिए जाने वाले विभिन्न प्रोत्साहनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस एक दिवसीय शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार सिंह ने स्वास्थ्य और चिकित्सा विभाग से आए हुए विषय विशेषज्ञों के साथ टीबी जागरूकता के सम्बंध में किए गए अपने सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों को साझा करते



13/02/23
प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स्नातकोत्तर महाविद्यालय
(ऊधम सिंह नगर)

हुए स्वयंसेवियों के जागरूकता स्तर की जानकारी दी और स्वयंसेवियों की शंकाओं के निराकरण का आग्रह किया। स्वयंसेवियों को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी जन्तु विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ. दीपमाला ने टीबी से जुड़े विभिन्न वैज्ञानिक और चिकित्सकीय पहलुओं की जानकारी दी तथा स्वास्थ्य विभाग से आए सभी चिकित्सकों का इतनी महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में समाजशास्त्र की विभाग प्रभारी प्रोफ़ेसर हेमलता सैनी, डॉ. अंचलेश कुमार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राघवेन्द्र मिश्र तथा डॉ. रंजीता जौहरी ने शिविर के स्वयंसेवियों के साथ मिलकर विवेकानन्द पार्क में श्रमदान करते हुए महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस अवसर पर टीबी जागरूकता के सम्बंध में एक पोस्टर प्रतियोगिता और स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में स्वयंसेवी नीतू मौर्य ने प्रथम, नैंसी ने द्वितीय तथा स्मृति छाबड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में स्लोगन प्रतियोगिता में अफशा अंजुम ने प्रथम, रजनी ने द्वितीय तथा पूजा विश्वास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ.कमला भारद्वाज, डॉ, रवीन्द्र कुमार सैनी तथा डॉ. विवेकानन्द पाठक शामिल रहे।

इस कार्यक्रम में कुमायूं विश्विद्यालय छात्रसंघ सचिव हिमांशु सिंह, महाविद्यालय छात्रसंघ की उपाध्यक्षा केसु दास, उपाध्यक्ष आकाश कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व स्वयंसेवी रमेश कोली ने लगातार उपस्थित रहकर स्वयंसेवियों को प्रोत्साहित किया। इस एकदिवसीय शिविर में मोहित, आलिम, कैलाश, पिंकी , बबिता, नेहा, रिया, प्रशान्त कुमार, नाजिश, धर्मेन्द्र कोरी सहित कुल 68 स्वयंसेवियों ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय के अनुसेवक संदीप सिंह डसीला ने कार्यक्रम में सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

(Dr Deepmala)
Programme Officer

13/02/23
(Dr. Rajesh Kumar Singh)

प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)

(Dr. Raghawendra Mishra)

(Dr. Ranjeeta Jauhari)

दैनिक जागरण 12/02/23

दो वर्ष से कम आयु के बच्चे से 10 प्रतिशत हवाई किराया लिया जाएगा।



# शिविर में क्षय रोग के बारे में दी जानकारी

**जासं, रुद्रपुर** : सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के एक दिवसीय शिविर में टीबी रोग के बारे में जागरूकता और लक्षण आदि के बारे में बताया गया। साथ ही इस थीम पर पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें स्वयंसेवी नीतू मौर्य प्रथम रहीं।

महाविद्यालय में शनिवार को आयोजित एक दिवसीय शिविर में स्वास्थ्य विभाग से आए विशेषज्ञों ने स्वयंसेवियों को टीबी के संबंध में जानकारी दी। जिला पीपीएमडीटी एवं टीबी, एचआइवी समन्वयक डा. नवल किशोर ने स्वयंसेवियों को टीबी संक्रमण के लिए उत्तरदायी कारक, उसके प्रमुख लक्षणों, उसके प्रसार के कारणों, बचाव के उपायों की जानकारी दी। जिला चिकित्सालय से ही क्लस्टर प्रोग्राम मैनेजर डा. श्वेता दीक्षित ने बताया कि एड्स की बीमारी से ग्रसित लोगों का प्रतिरक्षा तंत्र कमजोर होने के कारण उन लोगों के टीबी की बीमारी से संक्रमित का खतरा ज्यादा होता है। स्वास्थ्य विभाग के क्लिनिकल सर्विस आफीसर डा. जयंत नंद जोशी ने टीबी के प्रसार में पशुओं की भूमिका के बारे में भी विस्तार से बताया। स्वास्थ्य विभाग के टीबी हेल्थ विजिटर डा. विजय वर्मा ने स्वयंसेवियों को डायरेक्टली आब्जर्व्ड ट्रीटमेंट के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा. राजेश कुमार सिंह, डा. दीपमाला, प्रोफेसर हेमलता सैनी, डा. अंचलेश कुमार, कार्यक्रम अधिकारी डा. राघवेंद्र मिश्र, डा. रंजीता जौहरी ने शिविर के स्वयंसेवियों के साथ मिलकर विवेकानंद पार्क में श्रमदान करते हुए महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।





13/02/23

प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)

उत्तरांचल दर्पण 12/02/23



# स्वयं सेवियों को दी स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां

रुद्रपुर (उत्तरांचल संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी जागरूकता की थीम पर आयोजित इस एक दिवसीय शिविर में स्वास्थ्य विभाग से आए विशेषज्ञों ने स्वयंसेवियों को टीबी सहित स्वास्थ्य के संबंध में सारगर्भित जानकारी दी। जिला पीपीएमसी/टीबी एचआईवी समन्वयक डॉ. नवल किशोर ने स्वयंसेवियों को टीबी संक्रमण के लिए उत्तरदायी कारक, उसके प्रमुख लक्षणों, उसके प्रसार के कारणों, बचाव के उपायों की जानकारी दी तथा टीबी नियंत्रण के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला चिकित्सालय से ही क्लस्टर प्रोग्राम मैनेजर डॉ. श्वेता रौतेला ने स्वयंसेवियों को इस बारे में विस्तार से बताया कि टीबी से किस तरह के रोगों के शिकार लोगों के संक्रमित होने की ज्यादा संभावना होती है। इस सम्बंध में उन्होंने बताया कि एड्स की बीमारी से ग्रसित लोगों का प्रतिरक्षा तंत्र कमजोर होने के कारण इन लोगों के टीबी की बीमारी से संक्रमित का खतरा ज्यादा होता है। स्वास्थ्य विभाग के क्लिनिकल सर्विस ऑफिसर डॉ. जगत नन्द जोशी ने टीबी के प्रसार में पशुओं की भूमिका के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने स्वयंसेवियों को बताया कि हमें अपने दैनिक जीवन में मास्क लगाकर के माध्यम से टीबी के बैक्टीरिया के प्रसार को रोकने का प्रयास करना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग के टीबी हेल्थ विजिटर डॉ. विजय वर्मा ने स्वयं सेवियों को डायरेक्टली ऑब्जर्वड ट्रीटमेंट के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि दो हफ्ते से ज्यादा खांसी होने पर तुरन्त चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए। उन्होंने टीबी से संक्रमित व्यक्तियों की मदद करने के लिए स्वयंसेवियों को सरकार द्वारा दिए जाने वाले विभिन्न



प्रोत्साहनों के बारे में जानकारी दी। इस एक दिवसीय शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार सिंह ने स्वास्थ्य और चिकित्सा विभाग से आए विषय विशेषज्ञों के साथ टीबी जागरूकता के सम्बंध में किए गए अपने सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों को साझा करते हुए स्वयंसेवियों के जागरूकता स्तर की जानकारी दी और स्वयं सेवियों की शंकाओं के निराकरण का आग्रह किया। स्वयंसेवियों को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी जन्तु विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ. दीपमाला ने टीबी से जुड़े विभिन्न वैज्ञानिक और चिकित्सकीय पहलुओं की जानकारी दी तथा स्वास्थ्य विभाग से आए सभी चिकित्सकों का इतनी महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में समाजशास्त्र की विभाग प्रभारी प्रोफेसर हेमलता सैनी, डॉ. अंबरीश कुमार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राघवेन्द्र मिश्र तथा डॉ. रंजीता जोशी ने शिविर के स्वयंसेवियों के साथ मिलकर विवेकानन्द पार्क में श्रमदान करते हुए महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर टीबी जागरूकता के सम्बंध में एक पोस्टर प्रतियोगिता और स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में स्वयंसेवी नीतू मौर्य ने प्रथम, सैनी ने द्वितीय तथा स्मृति छाबड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में स्लोगन प्रतियोगिता में अफशा अंजुम ने प्रथम, रजनी ने द्वितीय तथा पूजा विश्वास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. कमला भारद्वाज, डॉ. रवीन्द्र कुमार सैनी तथा डॉ. विवेकानन्द पाठक शामिल रहे। कार्यक्रम में कुमाऊं विश्वविद्यालय छात्रसंघ सचिव हिमांशु सिंह, महाविद्यालय छात्रसंघ की उपाध्यक्ष केसु दास, उपाध्यक्ष आकाश कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक योजना के पूर्व स्वयंसेवी रमेश कोली ने स्वयंसेवियों को प्रोत्साहित किया। शिविर में मोहित, अलिम, कैलाश, पिंकी, अंकित, नेहा, रिया, प्रशान्त कुमार, नाजिश, धर्मेन्द्र कार्की सहित कुल 68 स्वयंसेवियों ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय के अनुसेवक मनोज सिंह दसौला ने कार्यक्रम में सहयोग का कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



**सरदार भगत सिंह गवर्नमेंट पीजी कॉलेज रूद्रपुर में टीबी जागरूकता कार्यक्रम**
एनएसएस के स्वयं सेवियों ने जाने कारण और लक्षण तीर्थ चेतना न्यूज रूद्रपुर। सरदार भगत सिंह गवर्नमेंट पीजी कॉलेज, रूद्रपुर...
tirthchetna.com

सरदार भगत सिंह गवर्नमेंट पीजी कॉलेज रूद्रपुर में टीबी जागरूकता कार्यक्रम https://tirthchetna.com/govt-degree-college-rudrpur/

1:45 am

तीर्थ चेतना - न्यूज पोर्टल 11/02/23

Home > शिक्षा > सरदार भगत सिंह गवर्नमेंट पीजी कॉलेज रूद्रपुर में टीबी जागरूकता कार्यक्रम

# सरदार भगत सिंह गवर्नमेंट पीजी कॉलेज रूद्रपुर में टीबी जागरूकता कार्यक्रम

Tirth Chetna  February 11, 2023  0  शिक्षा




1

प्रभारी राष्ट्रीय सेवा योजना स.भ.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर रूद्रपुर
13/02/23







13/02/23

प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)







प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.ब.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)

# एक दिवसीय शिविर : थीम- नशा उन्मूलन

दिनाँक: 07/02/2023

दिनाँक 07/02/2023 को सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय , रूद्रपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया । इस अवसर पर युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के प्रति उन्हें जागरूक करने के लिए 'नशा उन्मूलन' विषय की थीम के अंतर्गत एक बौद्धिक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया । महाविद्यालय की 'नशा उन्मूलन समिति' की संयोजक प्रोफ़ेसर कमला भारद्वाज ने स्वयंसेवियों को नशा मुक्ति के सम्बन्ध में शपथ भी दिलायी । राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों को सम्बोधित करते हुए प्रोफ़ेसर कमला भारद्वाज ने युवाओं को न सिर्फ़ स्वयं को नशे से बचाने का आह्वान किया, बल्कि समाज को नशे से मुक्त रखने के लिए उन्हें समाज के लोगों को जागरूक करने पर भी बल दिया । समाजशास्त्र की विभाग प्रभारी प्रोफ़ेसर हेमलता सैनी ने शिविर के स्वयंसेवियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र की युवा शक्ति ही इस राष्ट्र का भविष्य है । युवाओं को नशे के दुश्चक्र से बचाने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों को सक्रिय तौर पर सकारात्मक भूमिका निभाने की ज़रूरत है । समाजशास्त्र विभाग के प्रोफ़ेसर रवीन्द्र कुमार सैनी ने युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त हुए स्वयंसेवियों को व्यक्ति और समाज पर पड़ने वाले इसके दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया ।

राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवी अफशां अंजुम और कैलाश ने साथी स्वयंसेवियों को नशे के चंगुल से बचने के लिए सतर्क रहने का आह्वान किया । राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व स्वयंसेवी रमेश कोली और कैलाश ने भी नशा उन्मूलन के सम्बन्ध में स्वयंसेवियों द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों के बारे में बताते हुए बढ़चढ़ कर नशा उन्मूलन के क्षेत्र में अपना योगदान देने आह्वान किया । जन सामान्य को नशा मुक्ति के सम्बन्ध में जागरूक करने में स्वयंसेवियों के महत्व को रेखांकित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राघवेंद्र मिश्रा तथा डॉ. रंजीता जौहरी ने भी स्वयंसेवियों को सम्बोधित किया । राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार सिंह ने स्वयंसेवियों को नशे से बचने के लिए जीवन में सकारात्मक अभिरुचियों के विकास के माध्यम से स्वयं को व्यस्त रखने की ज़रूरत पर बल दिया । स्वयंसेवियों को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी जन्तु विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ. दीपमाला ने ड्रग्स से जुड़े विभिन्न वैज्ञानिक और चिकित्सकीय



प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)

पहलुओं की जानकारी दी तथा स्वयंसेवियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया । इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर में साफ़ सफ़ाई कर स्वच्छता का संदेश भी दिया । इस एकदिवसीय शिविर में पिंकी , हेमलता, हिमांशी शर्मा , प्रिया शर्मा , मधु रानी , मोहित , प्रेम कुमार, आलिम, संजना, ममता पाठक , नेहा भट्ट कोमल कुशवाहा , रोया श्रीवास्तव,नीलम, चाँदनी, सुनयना, मोनिका मण्डल सहित कुल 81 स्वयंसेवियों ने प्रतिभाग किया । महाविद्यालय के अनुसेवक संदीप सिंह डसीला ने कार्यक्रम में सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया ।

16/02/23

(Dr. Rajesh Kumar Singh)

प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)

(Dr. Deepmala)
Programme Officer

(Dr. Raghawendra Mishra)

(Dr. Ranjeeta Jauhari)

दैनिक जागरण - 08/02/23

# स्वयंसेवियों को नशे के विरुद्ध किया जागरूक

**जागरण संवाददाता, रुद्रपुर :** सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के एक दिवसीय शिविर में नशा उन्मूलन विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। नशा उन्मूलन समिति की संयोजक प्रोफेसर कमला भारद्वाज ने स्वयंसेवियों को नशा मुक्ति के संबंध में शपथ दिलाई।

मंगलवार को महाविद्यालय में आयोजित एक दिवसीय शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रो. कमला भारद्वाज ने युवाओं से नशे से बचने का आह्वान किया। साथ ही समाज को नशे से मुक्त रखने के लिए उन्हें समाज के लोगों को जागरूक करने पर बल दिया। समाजशास्त्र की विभाग प्रभारी प्रोफेसर हेमलता सैनी ने कहा कि राष्ट्र की युवा शक्ति ही इस राष्ट्र का भविष्य है। प्रोफेसर रवींद्र कुमार सैनी ने युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए स्वयंसेवियों को व्यक्ति और समाज पर पड़ने वाले इसके दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवी अफशां अंजुम और कैलाश ने साथी स्वयंसेवियों को नशे के चंगुल से बचने के लिए सतर्क रहने, रमेश कोली और कैलाश ने पूर्व में किए गए कार्यों के बारे में बताया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा. राघवेंद्र मिश्रा, डा. रंजीता जौहरी, डा. राजेश कुमार सिंह ने जीवन में सकारात्मक अभिरुचियों के विकास के माध्यम से स्वयं को व्यस्त रखने की जरूरत पर बल दिया। इस मौके पर पिंकी, हेमलता, हिमांशी शर्मा, प्रिया शर्मा, मधु रानी, मोहित, प्रेम कुमार, आलिम, संजना, ममता पाठक, नेहा भट्ट, कोमल कुशवाहा, रिया आदि मौजूद थे।



रुद्रपुर में स्वयंसेवियों के शिविर में नशे के विरुद्ध किया जागरूक ● जागरण

## विद्यार्थियों ने किसान मेले में किया प्रतिभाग

सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विज्ञान संकाय एवं पीएचडी के विद्यार्थियों ने एकेडमिक एक्सपोजर विजिट सीएसआइआर के पंतनगर स्थित संस्थान सेंट्रल इंस्टीट्यूट फार मेडिसिनल एंड एरोमेटिक प्लांट्स ले जाया गया। जहां विद्यार्थियों ने एक दिवसीय किसान मेले में पंजीकरण कर प्रतिभाग किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने संस्थान के विभिन्न शोध आदि के बारे में जानकारी ली।

उत्तरांचल दर्पण - 08/02/23

# एनएसएस की नशा उन्मूलन पर बौद्धिक गोष्ठी आयोजित



1

प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)

अमर उजाला 08/02/23


# स्वयंसेवियों को नशा उन्मूलन की शपथ दिलाई

**रुद्रपुर।** एसबीएस डिग्री कॉलेज की एनएसएस इकाई की मंगलवार को नशा उन्मूलन विषय पर हुई गोष्ठी में युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृति पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। नशा उन्मूलन समिति की संयोजक प्रोफेसर डॉ. कमला धौलाखंडी भारद्वाज ने स्वयंसेवियों को नशा मुक्ति के संबंध में शपथ भी दिलाई। प्रोफेसर डॉ. हेमलता सैनी ने कहा कि युवाओं को नशे के दुश्चक्र से बचाने के लिए स्वयंसेवियों को सक्रिय भूमिका निभाने की जरूरत है। वहां प्रो. रवींद्र कुमार सैनी, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. रंजीता जौहरी, डॉ. राघवेंद्र मिश्रा, अफशां अंजुम, कैलाश, रमेश कोली, पिंकी, हिमांशी शर्मा, प्रिया शर्मा, मधु रानी, ममता पाठक, नेहा भट्ट आदि थे। संवाद


13/02/23


प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)




प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)




13/07/23

प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)